पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———————

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर राज्यपाल की बधाई

———————

लखनऊ 18 अगस्त, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि श्रद्धा, आस्था और विश्वास से परिपूर्ण श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का मानव जीवन में युगों–युगों से विशेष महत्व रहा है। भगवान श्रीकृष्ण ने निष्काम कर्म अर्थात फल की इच्छा किये बिना कर्म करने का संदेश दिया है, जो आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है। राज्यपाल जी ने आशा व्यक्त की है कि जन्माष्टमी का यह पर्व देश और समाज में सौहार्द, भाईचारे एवं एकता को और मजबूती प्रदान करेगा।

———————

चन्द्र विजय वर्मा–सूचना अधिकारी/राजभवन (64/64)